Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)
(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 26-06-2022 | अंक 267

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

# डॉ भीम राव अंबेडकर पब्लिक स्कूल ने दसवीं बोर्ड में लहराया परचम, 55 में से 54 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से हुए सफल

## परीक्षा में सफल हुए सभी विद्यार्थियों को मेडल देकर किया गया सम्मानित

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**







बरही प्रखंड अंतर्गत मलकोको पंचायत में संचालित डफॉ भीम राव अंबेडकर पब्लिक स्कूल में रविवार को दसवीं बोर्ड में सफल हुए विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि बरही पूर्वी जीप सदस्य सह जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, पूर्व जीप प्रतिनिधि मो कयूम, बरही थाना प्रभारी ललित कुमार, एस आई महेंद्र बैठा, मुखिया विजय यादव, भाजपा युवा नेता रितेश गुप्ता, शिक्षक एस लाल कुमार शामिल हुए। कार्यक्रम में शामिल हुए सभी जनप्रतिनिधियों एवं समा. जसेवियों को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गाय। उसके बाद सभी जन प्रतिनिधियों ने बारी बारी से कार्यक्रम में शामिल छात्रों को संबोधित कर शिक्षा के महत्व हो बताया। इसी क्रम में बरही पूर्वी के पूर्व जीप प्रतिनिधि मो कयूम ने शिक्षा के महत्व को बताते हुए कहा की जीवन में सफलता प्राप्त करने और कुछ अलग करने के लिए शिक्षा सभी के लिए बहुत महत्वपूर्ण साधन है। यह हमे जीवन के कठिन समय में चुनौतियों से सामना करने में सहायता करता है। शिक्षा स्त्री और पुरुष दोनों के लिए समान रूप से आवश्यक है, क्योंकि स्वास्थ्य और शिक्षित समाज का निर्माण यह दोनो मिलकर ही कर सकते है। साथ ही साथ उन्होंने विद्यालय के सभी शिक्षक एवं परीक्षा में सफल हुए विद्यार्थियों के लिए उज्जवल भविष्य की कामना की है। गुलनाज खातून और पूजा कुमारी 442 अंक लाकर विद्यालय टॉपर रही। टॉप पांच में शामिल होने वाले छात्रों में गुलनाज खातून, पूजा कुमारी, पंकज पासवान, अन्नू कुमारी एवं ललिता कुमारी शामिल है। कार्यक्रम में उपस्थित हुए बतौर मुख्य अतिथि बरही पूर्वी जीप सदस्य सह जिला जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने परीक्षा में सफल हुए सभी छात्र एवं शिक्षको को बधाई दिए। साथ ही साथ उन्होंने कहा की डॉ भीम राव अंबेडकर पब्लिक स्कूल विगत कई वर्षो से मल. कोको में अलख का दीप जला रहा है। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य गुलाब दास ने बताया की सभी छात्र एवं छात्राओं के प्रदर्शन से विद्यालय के सभी शिक्षको में खुशी का माहौल है। साथ ही उन्होंने विद्यालय के सभी शिक्षक सूरज दास, दिनेश कुमार यादव, प्रवीण कुमार, शिव कुमार यादव, शंकर दास, सीमा कुमारी, फरजाना खातून, ललिता कुमारी एवं पूजा कुमारी को बधाई दिए है। मौके पर लक्ष्मण दास, शंकर राणा, मुस्ताक अंसारी, संदीप रजक, बालेश्वर सिंह, सीताराम यादव, सुरेंद्र पासवान, संगीता देवी, सुनीता देवी, पेमिया देवी, रंजीत यादव, जहूर अंसारी, रियाज अंसारी, लालो राना, राजू दास, अशोक यादव, सूरज पासवान, रुकसाना खातून, ममता कुमारी, सहदेव प्रसाद, रोहित यादव सहित विद्यालय के सैकड़ों छात्र एवं छात्राएं मौजूद थे।

# फायर जोन में कार्य के दौरान बरही के पोकलेन ऑपरेटर की जलने से हुई मौत

## पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे पूर्व विधायक, पीड़ित परिवार को दिलाया मुआवजा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत छोटकी केवाल निवासी पोकलेन अॉपरेटर महेन्द्र यादव की जल कर मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार बोकारो जिला के बेरमो प्रखंड स्थित सीसीएल ढोरी परियोजना में एसडीओसीएम के बीएलए कंपनी अंतर्गत आउटसोर्सिंग पैच स्थित फायर जोन में कार्य के दौरान पोकलेन मशीन में आग लग गयी। जिसके वजह से पोकलेन ऑपरेटर छोटकी केवाल निवासी महेन्द्र यादव की जल जाने से घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। सूचना पाकर पुर्व विधायक मनोज कुमार यादव पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे और वहां के कंपनी के पदाधिकारियों से टेलीफोन पर वार्ता कर पीड़ित परिवार को मदद करने का अनुरोध किया। पदाधिक. ारियों ने मामले को तत्काल संज्ञान में लेते हुए मृतक के परिवार को कंपनी के माध्यम से एक लाख रुपये नगद एवं 15 लाख रुपये का चेक दिलाने में सहयोग प्रदान किया। इस बाबत पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने बताया कि झारखण्ड सरकार की उदासीनता के कारण ही झारखंड के लोग पलायन को बाध्य हो रहे हैं और थोड़े से पैसों के लिए इतनी खतरनाक कार्य करने को मजबूर हैं। ऐसे में उनके अधिकार की चिंता सरकार को करनी चाहिए लेकिन मुझे जैसे ही मामले की जानकारी मिली। अपने प्रयास से पीड़ित परिवार को लाभ दिलाने का काम किया। कहा कि आगे और भी कुछ सहायता उनसे हो पाएगी, वह जरूर करेंगे। मौके पर जिला परिषद हजारीबाग उपाध्यक्ष सह बरही पूर्वी जिला परिषद सदस्य किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, मुखिया प्रतिनिधि खिरोधर यादव, सामाजिक कार्यकर्ता सह पूर्व जिला परिषद प्रत्याशी संजय यादव, भाजपा नेता उदय सिंह, रितेश गुप्ता, शम्भु सिंह, पिंटू यादव, अजित गिरी, ज्योतिष यादव, सुधीर सिंह, सनी सिंह, बीरेंद्र यादव, भाजपा एससी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष नागेश्वर रजक, अशोक यादव, संजय यादव, सरयू यादव, विनोद शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# जैक बोर्ड में सफल 54 विद्यार्थियों को मेडल के साथ किया गया सम्मानित

## डॉ बीआर अंबेडकर स्कूल की ओर से प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




बरही प्रखंड अंतर्गत मलकोको पंचायत में संचालित डॉ भीम राव अंबेडकर पब्लिक स्कूल में रविवार को दसवीं बोर्ड में सफल हुए विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता निदेशक दिनेश यादव एवं संचालन सूरज दास ने किया। बतौर मुख्य अतिथि बरही पूर्वी जीप सदस्य सह जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, पूर्व जीप प्रतिनिधि मो कयूम, बरही थाना प्रभारी ललित कुमार, एस आई महेंद्र बैठा, मुखिया विजय यादव, भाजपा युवा नेता रितेश गुप्ता, शिक्षक एस लाल कुमार शामिल हुए। कार्यक्रम में शामिल हुए सभी जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों को प्राचार्य गुलाब दास के नेतृत्व में पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गाय। गुलनाज खातून और पूजा कुमारी 442 अंक लाकर विद्यालय ट०पर रही। ट०प पांच में शामिल गुलनाज खातून, पूजा कुमारी, पंकज पा. सवान, अन्नू कुमारी एवं ललिता कुमारी सहित प्रथम श्रेणी से उतीर्ण 54 विद्यार्थियों को मैडल पहनकर स्वागत किया गया। मौके पर शिक्षक सूरज दास, दिनेश कुमार यादव, प्रवीण कुमार, शिव कुमार यादव, शंकर दास, सीमा कुमारी, फरजाना खातून, ललिता कुमारी एवं पूजा कुमारी को बधाई दिए है। मौके पर लक्ष्मण दास, शंकर राणा, मुस्ताक अंसारी, संदीप रजक, बालेश्वर सिंह, सीताराम यादव, सुरेंद्र पासवान, संगीता देवी, सुनीता देवी, पेमिया देवी, रंजीत यादव, जहूर अंसारी, रियाज अंसारी, लालो राना, राजू दास, अशोक यादव, सूरज पासवान, रुकसाना खातून, ममता कुमारी, सहदेव प्रसाद, रोहित यादव सहित विद्यालय के सैकड़ों छात्र एवं छात्राएं मौजूद थे।

# आपसी विवाद में दो ट्रक चालक ने किया मारपीट, रेफर

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही गया रोड में स्थित ट०ल प्लाजा के समीप दो ट्रक ड्राइवरों में कहा सुनी हो गई। जिसके कारण दोनो ट्रक ड्राइवर आपस में भिड़ गए और मारपीट करने लगे, जिसमे ड्राइवर ब्रजेश सिंह उम्र 32 वर्ष पिता महेंद्र सिंह जमुनिया मयूरहंड निवासी गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में उसे बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

# पंसस रितेश ठाकुर ने किया पंचायत का किया दौरा जरूरतमंद को आवास दिलाने का दिया भरोसा

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : प्रखंड के अंतर्गत बड़कागांव मध्य पंचायत के पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर ने अपने पंचायत के विभिन्न मोहल्ले मे दौरा कर जन समस्याओं को जानने का प्रयास किया । इस दौरान मसोमात सोमरी देवी पति कारु भुईया का लगभग 3 वर्षो से बेघर होकर रह रही है । जिसे आज तक किसी प्रकार कोई आवास नहीं मिला है ।पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर ने आश्वासन दिया कि बहुत जल्द आवास दिलवाने का प्रयास करूंगा। वही पंचायत सचिव दिनानाथ राम से बात करने के बाद आश्वासन दिया कि बहुत ही जल्दी आवास दिलाया जाएगा । मौके पर उपस्थित संजय भुईयां ,कार्तिक भुईयां ,तपेश्वर भुईयां, सुनीता देवी आदि उपस्थित थे।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## दसवीं बोर्ड में अंबेडकर कोचिंग के छात्राओं ने किया अव्वल प्रदर्शन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**





बरही धनबाद रोड में संचालित अंबेडकर कोचिंग सेंटर का दसवीं बोर्ड में अव्वल प्रदर्शन रहा। वहीं संस्थान के मोहम्मद इंतसार 442 अंक लाकर कोचिंग ट०पर बने। साथ ही संस्थान की रिफ्फत रोजी 423 अंक लाकर कोचिंग का दूसरा ट०पर बनी। संस्थान के प्राचार्य संजय बर्नवाल ने बताया की दसवीं बोर्ड में कुल 35 छात्र एवं छात्राएं शामिल हुए थे। जिसमे 32 छात्र प्रथम श्रेणी और शेष द्वितीय श्रेणी से पास कर अपने गांव के साथ साथ अपने संस्थान का नाम रौशन किया। साथ ही साथ उन्होंने कहा की अम्बेडकर कोचिंग पिछले 25 वर्षो से बरही में शिक्षा के क्षेत्र में अपना कार्य निभा रहा है, प्रतिवर्ष इस कोचिंग से शत प्रतिशत छात्र एवं छात्रा उत्तीर्ण होते आ रहे हैं। कोचिंग के शिक्षक संजय दुबे, मनोज घोष, आलोक कुमार, मिथलेश कुमार ने सभी छात्र छात्राओं को बधाई तथा उज्ज्वल भविष्य की कामना किया।

## सक्सेस पॉइंट का सौरभ उत्क्रमित उच्च विद्यालय बसरिया का बना टॉपर

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



संचालक प्रकाश कुमार



सौरभ कुमार





सोनम कुमारी

चौपारण प्रखंड के बसरिया में संचालित सक्सेस प्वाइंट कोचिंग संस्थान जो 12 वर्षो से शिक्षा का अलख जगाने का काम कर रहा है गौरतलब है कि प्रत्येक वर्ष इस कोचिंग में पढ़ने वाले बच्चों का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा है , इस वर्ष भी स्कूल टॉपर एवं गणित विषय में फेमस मतलब द्य जैक द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा में कुल 112 विद्यार्थी शामिल हुए थेद्य जिसका रिजल्ट रहा शत प्रतिशतद्यबताते चलें कि मंगलवार को घोषित परिणाम में सभी 112 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुएद्य जिसमें 2 विद्यार्थी 1 सोनम कुमारी गणित विषय में100 में 100 नंबर प्राप्त की है वही दूसरा छात्र सौरभ कुमार रजक पिता सुरेश रजक गोविंदपुर से गणित विषय में100 में 100 नंबर और कुल 437अंक लाकर उत्क्रमित उच्च विद्यालय बसरिया में रहा ट०पर द्यउक्त जानकारी देते हुए सक्सेस प्वाइंट कोचिंग संस्थान के संचालक प्रकाश रजक ने बताया कि इस कोचिंग में बच्चे बहुत उम्मीद के साथ अपना नामांकन करवाते हैं क्योंकि यहां सुदूरवर्ती क्षेत्र के बच्चों को एवं गरीब और असहाय बच्चों को निशुल्क शिक्षा दी जाती है प्रकाश सर का कहना है की बड़े घर वाले पैसा देकर तो पढ़ ही लेते हैं लेकिन गरीब परिवार से जुड़े बच्चे पैसों के अभाव में अपना शिक्षा पूरा नहीं कर पाते हैं इसलिए यह कोचिंग गरीबों के लिए निशुल्क हैद्य इस रिजल्ट के पीछे कोचिंग के संचालक प्रकाश कुमार एवं शिक्षक विकास सिन्हा और अमित सिंघानिया का श्रेय जाता है बसरिया पंचायत से शामिल विद्यार्थी और प्राप्तांक ज्योतिष 437 अनिल 432 चंदन 413 अंशु पासवान 428 लक्ष्मी प्रजापति 422 शबनम खातून 392 सलमा 411 साजिया 378 रिया शर्मा 354 निर्जला 421 आशिया 362 शबाना 349 तमन्ना 402 सुमन गुप्ता 424 निक्की यादव 411 राजकुमार 363 आयमन खातून365, बेलाही पंचायत से आशीष 429 रोहित 402 शांतनु 390 उषा 402 मनीषा 373 अंकिता 386, पड़रिया पंचायत से शिवानी 442 कुहू रानी 437 अंशु 360 धीरज रजक 437 राकेश 377, हथिया से निलेश 447 ओमकार 391 अंजू 411 कुमकुम 412 सोनीका 324 प्रियंका 389 कुणाल 348, अमझर से सोनम 450 सौरभ 437 हिमांशु 417 बेलाल 394, सोनपुरा से सचिन 384 अवधेश 386 मासूम 333 ओके सभी विद्यार्थी सक्सेस प्वाइंट कोचिंग संस्थान एवं पूरे बसरिया क्षेत्र का नाम किया रोशन संचालक प्रकाश कुमार की ओर से इन सभी बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं

## जे एन पी एस स्कूल बरही का मैट्रिक परीक्षा 2022 में शानदार रिजल्ट , शत प्रतिशत विद्यार्थी हुए सफल

### 93.20 प्रतिशत अंक के साथ सुमित कुमार बने स्कूल टॉपर











**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

जैक बोर्ड के द्वारा जारी रिजल्ट में झारखंड नेशनल पब्लिक स्कूल का रिजल्ट शानदार रहा । विद्यालय के निदेशक डॉ सुनील कुमार दत्ता ने बताया कि इस वर्ष विद्यालय से वार्षिक परीक्षा में 39 बच्चे सम्मिलित हुए थे। जिसमे हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सभी बच्चे प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। जिसमें सुमित कुमार 93.20% , सोनम कुमारी 90.60 परसेंट, प्रियंका वर्मा 90.30 परसेंट, स्वीटी कुमारी 89.80 परसेंट, सना खान 89.40 परसेंट , सना परवीन 88 परसेंट, मोहम्मद सकलेन दानिश 89.20% , दृष्टि कुमारी 89%, सृष्टि कुमारी 87. 40%, प्रियंका कुमारी केसरी 88. 80%, सोनी कुमारी 82.80%, आफताब हुसैन 88% ,सौरभ कुमार 86% , इजम्मुल हक 87%, प्रिंस कुमार राणा 85.80% ,मोहम्मद अल्तमश अंसारी 87.40%, खुशी कुमारी 88.80%,फरहा फातिमा हैदर 88.20% ,खुशी परवीन 85.60%, ब्यूटी कुमारी 86.20%, मोहम्मद सलमान अंसारी 86% ,आयुष कुमार राणा 83.60%, राहुल कुमार यादव 81.40 प्रतिशत ,मोहम्मद साहिल 87.40% ,आरती कुमारी 86. 80%,नफीसा परवीन 84.20% शगुफ्ता नूरी 80.60% ,अमन कुमार 85.60: ,आयुष कुमार 85. 60%,मोनू कुमार केसरी 86%,गुलाम जिलानी 88.40%, आशीष कुमार 84.20% ,वाली राजा 87%, रिशु कुमार 78.%, दीपेश आनंद 79.40:, रितिका कुमारी 79% ,शाहीन परवीन 73.80%, फलक नाज 71.40 प्रतिशत। प्राचार्य सुशील कुमार ,प्रमोद कुमार ,शबाना खातून ,आकाश गिरी, प्रतिमा कुमारी सिन्हा, शांति राणा ,विलासिनी कुमारी, खुशी परवीन ,बेबी मुस्कान ,मोहम्मद सभा सहित सभी शिक्षकों ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामनाएं दी ।

## नवनिर्वाचित मुखिया एवं उपमुखिया ने थाना प्रभारी का किया स्वागत

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत रानीचुवा पंचायत की नव. निर्वाचित मुखिया मूर्ति देवी एवं उपमुखिया किरण देवी ने बरही थाना के नए थाना प्रभारी ललित कुमार को पुष्पगुच्छ एवं मिठाई देकर स्वागत किया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि रामचंद्र टुडू, संतोष यादव, निर्मल सिंह, धर्मराज सिंह, सागर टुडू, महेश सोरेन, सूरज हेंब्रम, बालेश्वर सिंह, मुबारक अंसारी, रामकुमार यादव, उर्मिला देवी, कौशल्या देवी, रेहाना खातून, बिनोद मुर्मू एवं राजू कुमार मुख्य रूप से मौजूद थे।







## भूतपूर्व सैनिक संगठन कोडरमा की बैठक सम्पन्न

**अपेम लाइव : डोमचांच**
**सुनिल रजक**



डोमचांच के सनशाइन एजुकेशन एकेडमी में रविवार को भूतपूर्व सैनिक संगठन जिला कोडरमा की एक आवश्यक बैठक आयोजित हुई। जिसमे अखिल भारतीय पूर्व सैनिक संगठन कमेटी का गठन और विस्तार हुआ। वहीं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश अध्यक्ष कर्नल ए आर सिन्हा उपाध्याय पियो राजेश पांडे उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सर्वसम्मति से जिला अध्यक्ष नायक जेपी सर को, महामंत्री नायक सूर्य नारायण यादव एवं कोषाध्यक्ष ऑर्डिनरी फ्लाईग ऑफिसर राजेंद्र प्रसाद जबकि संरक्षक नायक शनिचर साव को बनाया गया। उपस्थित भूतपूर्व सैनिकों ने बारी - बारी से अपनी समस्याओं में मेडिकल कैंटीन पेंशन के अलावे अन्य समस्याओं को रखा। जिसके बाद समस्याओं का निराकरण कैसे हो सके इस दिशा में चर्चा किया गया। मौके पर हवलदार महेंद्र यादव शिव शंकर वर्णवाल पीके पाठक उमेश रजक विजय कुमार सिंह बालदेव यादव एसपी साव सुधीर कुमार नायब सूबेदार रामू कुमार भोला सिंह के अलावे काफी संख्या में भूतपूर्व सैनिकगण उपस्थित रहे। वही कार्यक्रम से पूर्व अतिथियों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया।

APEM LIVE

दिनांकः 26-06-2022

पेज संः 03

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

# मामला ढेबरो के पावर सब स्टेशन के जमीन का

## सरकार के आदेश को धत्ता बताकर भूमाफियाओं ने पुनः जमीन की शुरू कर दी जुताई

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**





कान्हाचट्टी अंचल के ढेबरो गांव के खाता नम्बर 15 प्लॉट नम्बर 137 व 02 के कुल रकवा 33 एकड़ गैरमजरूवा भूमि पर दो वर्ष पूर्व ही उपायुक्त के निर्देश पर कान्हाचट्टी अंचल अधिकारी ने उक्त भूमि पर बोर्ड लगवा तो दिए थे। परन्तु ढेबरो गांव के भूमाफियाओं ने अंचल अधिकारी के द्वारा लगाए गए बोर्ड के आदेश को धत्ता बताते हुए न केवल मक्का लगाया बल्कि बेखौफ होकर माफियाओं ने उक्त खाते प्ल०ट के सरकारी भूमि को जोत कोड जारी रखा और उक्त जमीन पर धान मक्का,उरद और अन्य फसल लगाकर अंचल के आदेश को धत्ता बताकर खेती कर रहे हैं।इतना ही नहीं भूमाफियाओं की हिम्मत को दाद देना पड़ेगा कि सरकारी बोर्ड को भी उखाड़ कर फेंक दिया और खेती बारी करने में मशगूल हैं। बताते चलें कि जब अंचल द्वारा जिस भूमि पर सरकारी जमीन होने व उक्त प्लॉट की भूमि को अतिक्रमण नहीं करने व अतिक्रमण करने वालो पर कार्वाई की बात बोर्ड में लिखने के बाद भी जमीन को जोत कर धान लगाने की तैयारी की जा रही है।जबकि जिस समय बोर्ड लगा था उस समय जमीन बिल. कुल खाली था।अंचल के आदेश और बोर्ड लगने के बाद ही माफियाओं ने खेती कर दिया। बोर्ड में अंचल द्वारा लिखा गया शब्दरू-उक्त खाता प्लॉट की जमीन सरकार की जमीन है तथा उक्त खाता प्लॉट की जमीन सरकार का रहेगा।बोर्ड अंचल अधिकारी ने अंचल निरीक्षक शशिकांत पांडेय एवं राजस्व कर्मचारी अभय कुमार ने ढेबरो के उक्त सरकारी जमीन मे बोर्ड लगाया था।बोर्ड में अंचल द्वारा अंकित किया गया था की खाता 15 के प्लॉट 137 एवं 02 रकवा 33 एकड़ जमीन सरकार का है।और जो उक्त खाता प्ल०ट के जमीन को जोतेगा कोडेगा या खेती बारी करेगा उस पर अंचल प्रशाशन विधि संवत कार्रवाई करेगी।त. त्कालीन अंचल अधिकारी पप्पू रजक ने बताया था कि उक्त खाता प्लॉट नम्बर की जमीन पर ही सरकार के द्वारा पावर सबस्टेशन का निर्माण एक वर्ष पूर्व किया गया है।पावर सब स्टेशन के उक्त जमीन को ढेबरो के रमन सिंह,बालचन्द यादव,केशर यादव,टुकन यादव,सकलदेव यादव,आदि ने बाजबर्दस्ती फर्जी कागजात बनाकर जमीन को अपना बताकर अवैध रूप से कब्जा जमाए हुए है।फिर भी अंचल के द्वारा उक्त जमीन जोतने वालो पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।लोग निडर होकर खेती बारी करने की तैयारी कर रहे हैं।

**भूमाफियाओं ने कमिश्नर के आदेश को भी बताया था धत्ता** : ढेबरो गांव के रमन सिंह,केशर यादव,बालचन्द यादव,टुकन यादव एवम सकलदेव यादव ने एक बिचौलिए की मदद से फर्जी कागज बनवाकर जमीन को अपना निजी जमीन बताकर अवैध कब्जा कर लिए।जिसके बाद गांव के अन्य लोगो ने इसकी शिकायत अंचल अधिकारी से लेकर एल आर डी सी,ए सी एवं उपायुक्त को भी आवेदन देकर जांच की मांग किए ।जब उतने के बाद भी जांच नहीं हुआ तो ग्रामीणों ने उतरी छोटानागपुर के कमिश्नर को आवेदन देकर उक्त जमीन को बचाने का गुहार लगाए था।कमिश्नर के आदेश पर उस समय के तत्कालीन अंचल अधिकारी ने जांच कर रिपोर्ट उपयुक्त को भेजे जिस रिपोर्ट को उपायुक्त ने कमिश्नर को भेज दिए जिसके बाद वर्ष 2011-12 और 13 में कमिश्नर के आदेश पर फर्जी कागजात को नीरस्त कर देने का आदेश दिए जिसके बाद सभी फर्जी कागजातों के जांचों प्रान्त डिमांड और उनके जमीन को कागज को फर्जी करार देकर जमीन सरकार को हस्तगत करने का निर्देश भी कमिश्नर ने दिया था।जिसके बाद वर्षब2017-18 में उक्त जमीन पर तत्कालीन अंचल अधिकारी शालिनी खलखो ने पुलिस बल लाकर जमीन को भूमाफियाओं से अतिक्रमण मुक्त करने के लिए अभियान चलाए और सरकारी जमीन को ट्रेंच कर अपने कब्जे में लिए और उसी जमीन पर पावर सबस्टेशन का भी निर्माण हुआ।

**उक्त भूमि के कारण ही तत्कालीन ए सी निर्मल भुइयां हुए थे निलम्बित** :- बताते चलें कि भूमाफियाओं को उक्त खाते प्लॉट के जमीन की रसीद निर्गत करने के लिए उस समय तत्कालीन ए सी निर्मल भुइयाँ ने ही आदेश अंचल अधिकारी को दिए थे जिसमें ग्रामीणों के द्वारा विरोध करने के बाद कमिश्नर उतरी छोटा नागपुर के द्वारा जांच के बाद ए सी श्री भुइयाँ को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया था।

**फर्जी कागजात के आधार पर अंचल अधिकारी पर भी किया गया है मुकदमा** : गलत कागज बनाकर भूमाफियाओं ने ढेबरो के 33 एकड़ जमीन को भले ही हड़पना चाह रहे थे लेकिन सरकार ने उनके डिमांड को रद्द कर उनके किए पर पानी फेर दी थी।वर्ष 2017-18 में पावर सबस्टेशन के लिए जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया जा रहा था तो उसी समय उक्त सरकार की जमीन को कब्जा करने वालो ने बिचौलिए के बहकावे में आकर अंचल अधिकारी पर ही मुक़दमा कर डाले।

**भूमाफियाओं का कारनामा,मुर्दे के नाम पर बनाया फर्जी हुक्मनामा** : दहेब्रोवके खाता 15 व प्ल०ट 137 व 2 कि 33 एकड़ जमीन को कब्जा करने के लिए भूमाफियाओं नव जो बिस वर्ष पहले मरा है उसके नाम पर ही फर्जी हुक्मनामा बनाकर जमीन को कब्जा कर रखे थे।लेकिन जब वर्ष 2012-13 में उस समय के तत्कालीन अंचल अधिकारी कमलेश्वर नारायण ने कमिश्नर के आदेश पर जांच किए तो लक्ष्मण महतो के नाम पर बनाया गया हुक्मनामा फर्जी पाया गया। भूमाफियाओं ने जिस वर्ष का हुकुमनामा अंचल में दिया गया था तथा जिसके नाम पर बनाया गया था उसकी मृत्यु आठ वर्ष पूर्व ही हो चुका था।इसकी पुष्टि भी अंचल अधिकारी ने लक्ष्मण महतो के बिरखोद के शिलापट्ट से किया गया था।अर्थात भूमाफिया लोग मुर्दे के नाम पर ही फर्जी कागज बना दिया।

**वर्तमान में भी चल रहा है जोत कोड** : डिमांड रदद् होने के बाद भी भूमाफिया लोग जबरदस्ती खेती कर रहे हैं लेकिन वर्तमान अंचल अधिकारी से ग्रामीणों की अपेक्षा है कि भूमाफियाओं के चंगुल से जमीन जरूर छुड़ाएंगे।

**अवैध रूप से जोत कोड करने वालो पर क्यों नहीं हो रहा है कार्रवाई** : ग्रामीणों ने बताया कि आखिर जो फर्जी तरीके से कागज बनाकर पहले से खेती बारी करने वालो पर क्यों कार्रवाई नहीं हो रही है।जब तक कार्रवाई नहीं होगा तब तक लीग जमीन तो जोतते ही रह रहे हैं।सर्कारवके आदेश को दरकिनार करने वालो पर कार्रवाई नहीं होना भी माफियाओ को मनोबल को बढ़ावा मिल रहा है।

**कभी भी हो सकता है खून खराबा** :- उक्त खाते प्ल०ट की जमीन पर कभी भी बड़ी घटना घट सकता है।चुकी जो लोग गलत तरीके से जमीन को अपने कब्जे में कर के खेती करने वाले एक तरफ एवं दूसरी तरफ जो सरकारी जमीन पर खेती नहीं करने वाले एवं सरकार को मदद करने वाले कि यह जमीन सरकार की है बताने वालो के बीच टकराव बना हुआ है।धान रोपनी के समय दोनो पक्ष लाठी डंडे लेकर जब जमीन पर पहुंचे तो खून खराबे को सम्भावनाएं और प्रबल हो गया।मारपीट भी जम कर हुई थी जिसमे दो लोग घायल भी हुए थे। बताते चलें कि उक्त जमीन पर गांव के दूसरे पक्ष भी इस बार जमीन को जोत कर खेती बारी किया है।दोनों तरफ से लोगो मे जमीन को लेकर आक्रोश बना हुआ है।वर्ष 2020 में तत्कालीन सी ओ ने सरकार की जमीन बताते हुए ऊक्त जमीन पर लगाए गए धान को निलाम किया था,जिससे सरकार को दो लाख पांच हजार रुपये का राजस्व का लाभ हुआ था।

**सरकार के जमीन सरकार कब्जा मुक्त करा देती या अतिक्रमण करने वालो पर कार्वाई होती तो खून खराबा से बचा जा सकता है** :- जिस खाते प्लॉट की जमीन पर ढेबरो गांव के लोग लड़ रहे हैं असल मे वह जमीन सरकार की है।और जमीन को जो लोग अतिक्रमण किए हुए हैं वे जमीन छोड़ना नहीं चाहते हैं तथा खेती बारी कर रहे हैं वहीं दूसरी पक्ष के लोगो का मानना है कि जमीन सरकार की है तो गांव के सभी का हक बराबर बनता है जिसके कारण इस वर्ष दूसरे पक्ष के लोगो ने भी खेती बारी करने का मन पुनः बनाया है।जिस पर दोनो पक्ष के लोग आमने सामने बराबर होते रहते हैं।

आखिर प्रशासान क्यों नहीं कर रही है कार्वाई,क्या ऊक्त सरकारी जमीन को लेकर ढेबरो में होते रहेगा खून खराबा।ये बात ग्रामीणों के मन मे बराबर घूमते रहता है।




# जिला परिषद आरती कौशल को सहायक शिक्षकों ने किया समान्नित

## सहायक शिक्षको ने ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा को मजबूती प्रदान किया : आरती कौशल





**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**

नव निर्वाचित जिला परिषद सदस्या भाग एक आरती कौशल को प्रखण्ड के सहायक शिक्षको ने सम्मानित किया। सहायक शिक्षको ( पारा शिक्षक ) के प्रखण्ड स्तरीय संगठनात्मक बैठक किया गया जिसकी अगुवाई दिनेश यादव ने किया व संचालन शम्भू शरण ने किया। मालूम हो कि सहायक शिक्षक सुधीर कौशल की पत्नी है आरती कौशल। सहायक शिक्षको को सम्बोधित करते हुए आरती कौशल ने कहा कि शिक्षा के स्तर के सुदृढ करने में तत्कालीन पारा शिक्षकों ने महती भूमिका निभाया और अब भी निभा रहे है। कहा शिक्षको के मान सम्मान के लिए मैं हमेशा खड़ी रहूँगी। सम्मान के लिए आरती कौशल ने सहायक शिक्षको के प्रति आभार प्रकट किया। इधर बैठक के दौरान सहायक शिक्षको के समस्याओं पर चर्चा किया गया। दिनेश यादव ने कहा कि कुछ सहायक शिक्षको के शैक्षणिक प्रमाण पत्र का जाँच किया गया शेष शिक्षको के जाँच के लिए अविलब विभाग से बात किया जाएगा। आंकलन परीक्षा में प्रवेश, संगठन विस्तार पर चर्चा किया गया। बैठक में मुख्य रूप से सुधीर कौशल अभिषेक सिन्हा, मनोज सिंह, गुलाब साव, जग्गू यादव, सुमंत सिंह, मुन्नी यादव, सुरेंद्र ठाकुर, विनोद यादव, अनिल यादव, कामेश्वर कुमार, अंजू कुमारी, जयकरण ठाकुर, कृष्णा यादव, प्रयाग ठाकुर, किशोर पासवान, राहिल हेमरोम, सरिता शर्मा, निशा कुमारी, संतोष पांडे, मनोज कुमार, प्रदुमन नायक, संतोष कुमार सिंह, दयानंद यादव, शिव कुमार यादव, पंकज कुमार सिंह, रागिनी कुमारी, देवरानी देवी, अर्पणा कुमारी, प्रभादेवी आदि

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## ज्ञान विज्ञान समिति के राष्ट्रीय महासचिव ने किया बेरहाबाद पंचायत सचिवालय सभागार में अहम बैठक

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



शनिवार 25जून को गिरिडीह जिला अंतर्गत जमुआ प्रखंड में संचालित सामुदायिक शिक्षण केन्द्र का अवलोकन और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक भारत ज्ञान विज्ञान समिति के राष्ट्रीय महासचिव डॉ काशीनाथ चटर्जी, प्रख्यात लेखक राधेश्याम मंगोलपुरी, रवि एवं राज्यमहासचिव श्री विश्वनाथ सिंह के द्वारा पंचायत सचिवालय भवन के सभागार में आयोजित किया गया। आज की बैठक में मुख्य रूप से जमुआ उपप्रमुख अब्दुल हसन रब्बानी, जिला परिषद सदस्य संजय हाजरा, कारोडीह पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि दशरथ दास, बलगो पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रोहित दास, बेरहाबाद पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि गौतम सागर राणा , एसआरपी डीएमडी अलगुंदिया, बीजीवीएस के प्रखंड सचिव दिवस कुमार के अलावा बेरहाबाद पंचायत के उपमुखिया एमडी इकबाल व कई वार्ड सदस्य उपस्थित रहे। इस मीटिंग में शिक्षा स्तर को ऊपर उठाने के अलावे पंचायत के युवाओं के पलायन रोक कर गांव में रोजगार सृजन करने, भय व भ्रष्टाचार मुक्त समाज का निर्माण करने के अलावे कई जनमुद्दों पर चर्चा हुई और उक्त समस्याओं के निदान हेतु कई कारगर निर्णय लिया गया। ततपश्चात टीम ने विनोबा भावे शिक्षण केन्द्र बेरहाबाद का विजिट किया । केंद्र में अध्ययनरत बच्चों ने भारत ज्ञान विज्ञान समिति प्रतिनिधि मंडल को कई कविताएं व गीत सुनाए जबकि उपस्थित अभिभावकों ने बताया कि जब से सीएलसी का संचालन हुआ है बच्चों में काफी बदलाव आया है। बच्चे खेल खेल में बहुत कुछ सीखा है। ये सीएलसी हमेशा संचालित होता रहे तभी शिक्षा में गुणात्मक सुधार सम्भव हो सकेगा। रानी लक्ष्मीबाई सामुदायिक शिक्षण केन्द्र धरचांची के बच्चों से मंगोलपुरी जी ने बातचीत की तथा एसएम सुप्रिया कुमारी से जाना कि बच्चों को किस टेक्निक से पढ़ाते हैं। बच्चों के माताओं से भी कई तरह की जानकारी ली। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में गिरिडीह प्रखंड कोर्डिनेटर अनिल कुमार कुशवाहा, रामप्रसाद राणा, योगेंद्र कुमार गुप्ता आदि की भूमिका अहम व सराहनीय रही।

## एनएमओपीएस के वरीय पदाधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**




आज 26जून को पुरानी पेंशन बहाली को लेकर एनएमओपीएस झारखंड के आह्वान पर गिरिडीह ज़िला मुख्यालय स्थित झंडा मैदान से एनएमओपीएस गिरिडीह इकाई के जिला संयोजक मुन्ना कुशवाहा प्रांतीय मीडिया प्रभारी राजेंद्र प्रसाद प्रांतीय महिला सचिव शमा परवीन और कई वरीय पदाधिकारियों के साथ पेंशन जय घोष महा सम्मेलन में शिरकत करने को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। झारखंड माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला सचिव मोहम्मद अख्तर अंसारी के कर्मचारी के संयोजक विकास महिला जिला अध्यक्ष प्रियंका माथुर सचिव कल्पना सिंह राजेश सिंह चंदन सिंह विजय कुमार अमरेश कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में लोग रांची के मोराबादी मैदान के लिए कुच किए। उल्लेखनीय है कि आज के इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के मुखिया श्री हेमंत सोरेन जी होंगे। जो अपने चुनाव के पूर्व कर्मचारियों से किए वायदे के मुताबिक पूरी उम्मीद है कि उनके संघर्ष को अमलीजामा पहुंचाते हुए और आदिवासी माटी की जुबान को पूरा करने के लिए आज से ऐतिहासिक निर्णय झारखंड के लाखों कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन का घोषणा करेंगे।




## भूमाफिया/दबंगों की दबंगई से पीड़ित महिला ने भाकपा माले नेता राजेश सिन्हा से लगाई इंसाफ दिलाने की गुहार

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह नगर निगम क्षेत्र स्थित भण्डारीडीह जामा मस्जिद के आस पास का एक मामला प्रकाश में आया है जिसमे एक महीला की जमीन को कुछ दबंगो ने जबरन कब्जा जमा लिया है । स्थानीय लोगों का कहना है कि पीड़िता आल्मा खातून पिछ्ले 100 साल से पूरे परिवार के साथ रह रहा है। साथ हीउक्त जमीन पर होटल भी 20 साल बना हुआ था,जिनका भाड़ा यहीं महिला उठाती आ रही थी मालिकाना हक है इस महिला का उक्त जमीन पर, लेकिन पिछ्ले दिनो मो. हनपुर गिरिडीह का मो इरफान खाजू ने उक्त महिला के जमीन पर धावा बोल दिया और इरफान खाजू के इशारों पर रात को दरवाजा तोड़वा दिया गया ,पीने का पानी का पाइप बंद कर दिया ताकि न बाथरूम जा सके न खाना बना सके। ज्ञात हो कि भंडारीडीह वार्ड का वार्ड कमिश्नर मो तस्लीम सहित कई अन्य गणमान्य लोगों ने पीड़ित महिला का साथ देते हुए एक पेपर भी बनाया है कि मालिकाना हक पीड़ित महिला का ही था दुकान का भाड़ा पीड़िता महिला ही लेती थी । पिछ्ले दिनों एक साजिश के तहत दबंगो ने झूठे केस मुकदमा में फसाकर पीड़िता के बेटे को जेल भेजवा दिया था,भतीजा शमीम पर भी केस कर दिया गया ताकि मुहल्ला में भय पैदा हो और कोई मदद नहीं करे पीड़ित महिला का। पीड़िता ने जब सब जगह मदद का गुहार लगाई मगर कहीं से इंसाफ नहीं मिला तो थक हारकर पीड़िता भाकपा माले गिरिडीह के विधानसभा प्रभारी राजेश सिन्हा व माले के निशान्त भास्कर के पास पहुंची। भाकपा माले के दोनो नेताओं ने आवश्वासन दिया है कि कागजी तौर पर भी माले साथ देगाऔर स्थानीय लोगों की गवाही के आधार पर। भाकपा माले नेता रा. जेश सिन्हा ने कहा कि हमारी पार्टी हमेशा गरीबो , मजलूमों , पीड़ितों और शोषितो के साथ और सच्च. ाई के साथ खड़ा रहता है। किंतु जनता को चुनाव में असली प्रतिनिधि पसंद नहीं है चुनावी प्रतिनिधि पसंद है। इसलिए आम जनता का हाल बुरा है,इसे सुधारने की जरूरत है। पीड़िता द्वारा गिरिडीह एस पी अमित रेणु को एक साल पहले जमीन से सं. बंधित इंसाफ दिलाने को लेकर आवेदन दिया गया था किंतु आज तक कोई फायदा नहीं हुआ। गिरिडीह सदर विधायक सुदीव्य कुमार सोनू के पास भी पीड़ित महिला इंसाफ की गुहार लगाने गई थी किन्तु इनका प्रोब्लम में विधायक द्वारा समझौता करने को बोला गया,जो की एकतरफा कार्यवाही को दर्शाती है और एकदम गलत बात है। भाकपा माले जल्द ही पीड़ित महिला के साथ आंदोलन में बैठेगा,सारी कागजात को खंगाला जा रहा है,बेटा भतीजा पर फर्जी मुकदमा कर दिया गया है,ताकि जमीन हड़पने में मदद मिले। भाकपा माले नेता राजेश,सिन्हा ने गिरिडीह प्रशासन से कहा कि गरीब महिला पर दबाव न बढ़ाये,साथ ही साथ भण्डारीडीह की जनता से निवेदन किया गरीबो का साथ दें वरना कल आपकी बारी भी आ सकती है। भाकपा माले ही एक पार्टी है जिससे आम आवाम को इंसाफ की उमीद और आस लगी रहती है। अन्य राजनीतिक दलों पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि बाकी राजनीतिक दल चुनावी पार्टी है और कुर्सी की भूखी है।, पीड़िता के बेटा आशिफ और भतीजा शमीम ने खुलकर अन्य राजनीतिक दलों की खुले शब्दों में भर्त्सना की।

भाकपा माले नेता राजेश सिन्हा ने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा की जल्द ही भाकपा माले गिरिडीह जिला कमिटी के प्रीति भाष्कर के अलावे,जिला के माले के युवा साथी उज्जवल साव,ताज़ हसन,मो आलम,पूर्व मुखिया फूल देवी,माले नेता,एकलब्य उजाला, नासिर शेख,मो समीम,मो सरफराज ,सनातन साहुँ, सोनु रवानी,रंजीत सिंह,मुन्ना साव,रंजीत यादव के अलावे,सैकड़ो माले के प्रति. निधि इनसे मुलाकात करेंगे,गरीब महिला को कोई दबंग दबाए और महिला रो रो कर गुहार लगाए तो भाकपा माले ऐसे मामले को गहराई से लेती है और इंसाफ दिलाने के लिए सड़क से सदन तक चरणबद्ध तरीके से आंदोलन भी करती है

## जमुआ प्रखंड के धुरगड़गी हटिया मैदान में मैट्रिक इंटर में सफल विद्यार्थियों के लिए मान सम्मान समारोह आयोजित

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**




गिरिडीह जिला अन्तर्गत जमुआ प्रखंड में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट उत्तीर्णता प्राप्त छात्र छात्राओं के उत्साहवर्धन हेतु जमुआ प्रखण्ड के धुरगडगी पंचायत के धुरगडगी हटिया मैदान में एक सम्मान समारोह आयोजित कर सैकड़ों मे. धावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि बतौर उपस्थित जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि सह समा. जसेवी दिगम्बर प्रसाद दिवाकर ने कहा कि इस तरह के आयोजन से उत्तीर्ण छात्र छात्राओं के साथ साथ आस पास के अध्ययन रत छात्र छात्राओं में भी प्रतिस्पर्धा की भावना उत्पन्न होती है। शिक्षा के क्षेत्र में अब गांवों में भी अब काफी जागरूकता आई है जिसे और आगे बढ़ाने की आवश्यकता है और वह कार्य इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जानें से ही संभव है। आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को हर संभव सहयोग करने की जरूरत है और मैं करता रहा हु और आगे भी करूंगा। स्थानीय धुरगड़गी पंचायत के मुखिया सह कार्यक्रम के आयोजक झरी महतो ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं जो देश के नवनिर्माण में अहम भूमिका निभा सकते हैं ।बेटा बेटी एक समान पर बल देते हुए कहा कि वर्तमान दौर में बच्चियां सभी क्षेत्रों में कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं चाहे वह शिक्षा की हो या नौकरी की। जामताड़ा के प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी वंशीधर राम ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा इस तरह के आयोजन से शिक्षा के प्रति लोगों और छात्रों व छात्राओं में एक नई सोच पैदा होगी और शिक्षा के प्रति जागरूक और आकर्षित होंगे। मंचासिन कई अन्य वक्ताओं ने शिक्षा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला ।सांइस वर्ल्ड गिरिडीह के निदेशक रविशंकर विद्यार्थी ने कहा कि पंचायत के साथ साथ पूरे जिले भर में इस तरह के आयोजन होने चाहिए जिससे शिक्षा के प्रति लोगों और विद्यार्थियों में एक नई ऊर्जा का संचार होगा। सम्मान समारोह में काफी संख्या में अभिभावक के साथ साथ पंचायत समिति सदस्य अशोक कुमार वर्मा,विजय कुमार वर्मा, वार्ड सदस्य राजू रजक, श्याम देव शर्मा, मोहन पंडित, चन्द्र देव वर्मा, विवेक कुशवाहा, किशोर वर्मा इत्यादि उपस्थित थे ।संचालन इम्पीरियल स्कूल जमुआ के संचालक सुबोध कुशवाहा ने किया।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## साहु समाज भवन गिरिडीह में एलआइसी सीएलआइए सुपरवाइज एजेंट की एजुकेशनल सेमिनार संपन्न







**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

आज गिरिडीह हुट्टी बाजार के समीप साहू समाज भवन में गिरिडीह एलआइसी शाखा कार्यालय के अधीन कार्यरत सीएलआईए टीम के सुप. रवाइज़ एजेंटों (अभिकर्ताओ) के लिए एजुकेशनल सेमिनार आयोजित हुई जिसमे कई सीएलआईए और अभिकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंडलीय कार्यालय हजारीबाग के सीएलआईए मैनेजर जीवन कुमार और विशिष्ट अतिथि गिरिडीह एलआइसी अ०फिस शाखा के वरीय शाखा प्रबंधक एसएस चौधरी, एबीएम सुमित गुप्ता, गिरिडीह शाखा के वरीय कर्मी धर्मप्रकाश और सहायक कर्मी सुनील कुमार वर्मा उपस्थित थे। सेमिनार को बारी बारी से सीएलआईए मैनेजर, एसबीएम, एबीएम , शाखा वरीय कर्मी ने संबोधित किया। अपने संबोधन में सभी ने कहा कि एलआइसी के पास 32प्लान है जो कि अन्य बीमा कंपनीयों से ज्यादा है और इसमें सारे प्लान में गारंटेड एडिशन है, ब्याज दर अन्य से अधिक है। अभिकर्ताओं को बीमा कैसे ज्यादा से ज्यादा बेचना है के लिए कुछ महत्वपूर्ण टिप्स सीएलआईए मैनेजर जीवन कुमार ने दिए। उन्होने कहा कि अगर किसी से बीमा की चर्चा करनी हो तो उसकी पत्नी और बच्चों के साथ बैठकर कीजिए। बात करते समय नज़र इधर उधर नही भटकनी चाहिए। जब भी किसी को बीमा के बारे में चर्चा करें तो बडी बीमा योजना से शुरुआत करें। किसी भी व्यक्ति जो बीमा लेना चाहें या नहीं भी लेना चाहें किसी के साथ भी झूठ नहीं बोलना है। झूठ बोल कर आप एलआइसी में लंबा सफर तय नही कर पाएंगे। सेल्फ कॉन्फिडेंस इज ट्रूथ मार्केटिंग। एक सफल एलआइसी अभिकर्ता बनना हो तो रोजाना पांच से दस लोगों से मिलना जरूरी है। बीमा प०लिसी बेचने के लिए लोगों के दिलों में जगह बनाना जरूरी है। अगर किसी चीज को दिल से चाहो तो सारी कायनात आपके पीछे लग जाती है। आज के समय में अभिकर्ताओं को अगर शत. कवीर बनना है तो दो काम करना होगा एक हर दिन लोगों से मिलना और स्ट्रॉन्ग रिलेशन बनाना। उन्होने कहा कि एलआइसी का एक ही मतलब होता है लव इज कंपल्सरी। जितना आप लोगों को प्यार देंगे आप उतना ही एलआइसी पॉलिसी बेचने मे कामयाब होंगे। बडा बोलो बडा सोचो बडा करो और बडा बेचो। कार्यक्रम के अंत में सीएलआईए प्रमोद कुमार अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापन देकर कार्यक्रम समापन की घोषणा की। आज के इस कार्यक्रम में सीएलआईए उमाकांत वाजपेयी, प्रमोद कुमार अग्रवाल, दुलारचंद यादव, जगदीश कुमार समेत करीब पचास अभिकर्ता मौजूद थे। समारोह समापन के पश्चात भोजन की व्यवस्था थी जिसका आनंद सभी ने लिया।

## बिरनी : दो पंचायतों में मिनी स्टेडियम के लिए जमीन मापी

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**


उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गिरिडीह।

भूमि संबंधी विस्तृत प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के संबंध में।
इस कार्यालय के पत्रांक 167/जि०खे० दिनांक 12.04.2022

| क्र०सं० | प्रखण्ड का नाम | योजना का नाम |
| --- | --- | --- |
| 01 | [illegible] | [illegible] |
| 02 | [illegible] | [illegible] |
| 03 | [illegible] | [illegible] |

अतः निदेश दिया जाता है कि उपरोक्त उल्लेखित योजनाओं से संबंधित भूमि संबंधी विस्तृत विवरणी स्पष्ट मन्तव्य के साथ नक्शा सहित दो दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी
गिरिडीह।

मिनी स्टेडियम के लिए जमीन मापी दो पंचायतों में किया गया। बता दे कि बिरनी प्रखंड अंतर्गत कपिलो पंचायत के चानो गाँव मे और बलिया पंचायत के मिना बाजार में मिनी स्टेडियम बनेंगे। उपयुक्त ने बिरनी सीओ को पत्र भेजकर स्टेडियम निर्माण को लेकर जमीन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बता दे कि उपयुक्त के निर्देश पर सीओ ने इन पंचायतों के हल्का कर्मचारी को जमीन उपलब्ध कराने व उसकी मापी कर सीमांकन कराने की रिपोर्ट शीध्र ही मांगी है।वही जानकारी के मुताबिक बता दे कि उपयुक्त ने पत्र में कहाँ है कि बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह ने मिनी स्टेडियम निर्माण प्रखंड स्तरीय स्टेडियम का जीणोद्धार और सुविधा विस्तारित से संबंध अनुशंसा पत्र प्राप्त है।इसके लिए उक्त दो जगहों पर सरकारी जमीन उपलब्ध कराना सुनिश्चित कर कार्यालय को भेजे जाने को कहा गया,ताकी वहाँ के खेल प्रमियों को सुविधा मिल सके।

## गावां में मेगा विधिक सशक्तिकरण शिविर का किया गया आयोजन






**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**

गांवा प्रखण्ड मुख्यालय परिसर में रविवार को जिला विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम धीरेंद्र कुमार सिंह, न्यायधीश हेमंत कुमार सिंह, अंचलाधिकारी दीपक प्रसाद, प्रखण्ड विकास पदा. धिकारी महेन्द्र दास, खोरीमहुआ दंडाधिकारी अरुण कुमार खलखो प्रमुख ललिता देवी उपस्थित रहें। कार्यक्रम का शुभारम्भ मंचसीन अतिथियों के द्वारा सामूहिक रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए मंचाशीन अतिथियों ने बारी बारी से मनतव्य रखे। इस दौरान मुख्य रूप से कार्यक्रम के उद्देश्यों पर चर्चा करते हुए अंतिम व्यक्ति तक न्याय की किरण पहुंचाने, एवं वंचित लाभुकों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के संबंध में जानक. ारी साझा की गई। वही ऐसे असमर्थ परिवार को जानकारी के अभाव में या किसी प्रकार से असमर्थ है उन्हें उचित सहयोग प्रदान करने हेतु किए जा रहें कार्यो के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम को सम्बो. धित करते हुए एसडीएम ने कहा की इस कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य लोगो को न्यालय के प्रति जागरुक करना, योजनाओं से वंचित लाभुकों को योजनाओं से जोड़ लाभनवित करना है। वही सीएचसी में दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत करने हेतु विशेष शिविर का योजनाओं किया जायेगा ताकि दिव्यांग भाइयो बहनो (लाभुकों) को सदर अस्पताल का चक्कर ना लगाना पडे, उनका दिव्यांगा प्रमाण पत्र प्रखंड सत्र पर ही बन सकें। वही उन्हें ससमय विभिन्न योजनाओं से जोड़ लाभान्वित किया जा सकें। कार्यक्रम को जिला सत्र न्यायधीश हेमंत कुमार सिंह ने सम्बोधित करते हुए कहा की किसी भी प्रकार के आपदा या अप्रिय घट्ना में न्यायिक मदद के लिए हर समय दरवाजा खुला है। बेहिचक सहयोग ले। वही उन्होंने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ लाभ लेने का अपील किया। कार्यकतम के दौरान दिव्यांग, वृद्धा एवं विधवा पेंशन के दर्जनों लाभुकों के बीच स्वकृति प्रदान की गई, वही कई लाभुकों के बीच ट्राय साइकिल, ऋण स्वकृति पत्र, वाटर टेस्टिंग किट, कृषि यंत्र महीला समूह को 2 लाख 40 हजार रुपए का चेक इत्यादि का वितरण किया गया। मौके पर प्रखंड खाद्य आपूर्ति अधिकारी प्रदीप राम,प्रखण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ चंद्रमोहन कुमार, बीप. ीआरओ संजय कुमार, प्रभारी बाल परियोजना पदाधिकारी दीपक प्रसाद, सेविका गुलशन आरा,संजू देवी ज्योति देवी, रूबी देवी जिप सदस्य पवन चौधरी, एंव सभी पंचायतों के मुखिया पंचायत सचिव एवं रोजगार सेवक उपस्थित थे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरगंडा में दो दिवसीय हजारीबाग विभाग का शिशु वाटिका कार्यशाला का समापन हुआ





**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**प्रमोद कुमार गुप्ता**

बरगंडा स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में दो दिवसीय हजारीबाग विभाग का शिशु वाटिका कार्यशाला का समापन हुआ।समापन सत्र का उद्घाटन विभाग प्रमुख ओम प्रकाश सिन्हा,तुलसी प्रसाद ठाकुर, प्रधानाचार्य शिवकुमार चौधरी एवं शिशु वाटिका प्रमुख रश्मि कुमारी ने संयुक्त रुप से दीप जलाकर पुष्प अर्पित किया।कार्यशाला में हजारीबाग विभाग के 10 विद्यालय के 28 आचार्य–दीदी ने रश्मि कुमारी के निर्देशन में दो दिनों तक शिशु वाटिका के विभिन्न पहलुओं पर क्रियात्मक और खेल विधि से बच्चों की सिखाने की कला का प्रशिक्षण प्राप्त किया। मौके पर तुलसी प्रसाद ठाकुर, विभाग प्रमुख जमशेदपुर ने कहा कि शिशु वाटिका का अर्थ है आनंद,प्रमोद युक्त व्यवहारिक शिक्षा देना।गर्भाधान से 5 वर्ष तक के बच्चों की शिक्षा जीवन के विकास की एक प्रक्रिया है जो परिवार से शुरू होती है। खेल, गीत, कथाकथन, भाषा कौशल, विज्ञान अनुभव, रचनात्मक कार्य,हस्तकला आदि के माध्यम से बच्चों को शिक्षित करना है।बच्चों में संस्कार का क्षेत्र जीवन विकास की नींव है। यह संपूर्ण जीवन यात्रा का स्तंभ है। विद्या भारती ने अपने शिशु वाटिका में 12 शैक्षिक व्यवस्थाएं की हैं जिसमें चित्र, पुस्तकालय, प्रयोगशाला ,चिड़ियाघर, क्रीड़ांगन, बागीचा प्रदर्शनी, तरणताल, रंगमंच प्रयोगशाला, वस्तु संग्रहालय, घर और कलाशाला आता है।राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भी बाल आधारित एवं बस्ता बोझ से मुक्त शिक्षा का वर्णन किया है। रश्मि कुमारी ने कहा कि विद्यालय में खेल–खेल के माध्यम से बच्चों को अक्षर ज्ञान, दैनिक जीवन में उपयोग में आने वाली वस. तुओं की पहचान करवाना ,ठप्पा से आकृति बनवाना,चित्र बनाना,अंक चार्ट बनाना आदि कार्यो की शिक्षा प्रारंभ काल से दी जानी चाहिए। प्रधानाचार्य शिवकुमार चौधरी ने कहा कि दो दिनों तक चलने वाले कार्यशाला में प्रशिक्षणार्थियों ने शिशु वाटिका निमित जो प्रशिक्षण प्राप्त किए हैं वे अपने–अपने विद्यालय में लागू करें ताकि बच्चों में मानसिक,शारीरिक एवं बौद्धिक विकास हो सके।वंदे मातरम् के साथ कार्यशाला का समापन हुआ।




## अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के शुभ अवसर पर जनप्रतिनिधियों को किया गया सम्मानित

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव प्रखंड के अंतर्गत चेपा कला पंचायत के ग्राम जुगरा में मंदिर के प्रांगण में रविवार को अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के अवसर पर प्रतिनिधियों का सम्मान व स्वागत किया गया । इस कार्यक्रम के अध्यक्षता शिक्षक रामदुलार साव एवं संचालन लेखक विपिन कुमार के द्वारा किया गया । इस समारोह का मुख्य उद्देश्य प्रतिनिधियों से बेहतर कार्य करने का मनोबल को बढ़ाना तथा अपने क्षेत्र को विकास की ओर ले जाने का प्रयास करना है । चेपा कला पंचायत के मुखिया अनिकेत कुमार नायक ,एवं सभी वार्ड सदस्यों को श०ल और कलम देकर सम्मानित किया गया इसके साथ जिला परिषद सदस्य याश्मीन निशा , उप प्रमुख बच्चन देव कुमार, पंचायत समिति सदस्य कृष्ण राम,फयुम अंसारी निर्मल राम को सम्मानित किया गया । इसके अलावा गांव के सामाजिक कार्यकर्ताओं को भी सम्मानित किया गया । शिक्षक मोहम्मद इब्राहिम ने कहा मेरे विद्यालय में आप नामांकन करवाएं गरीब छात्र– छात्रों के लिए फीस माफ कर दिया जायगा । वहीं पंचायत समिति सदस्य कृष्णा राम ने कहा आप मुझे दोबारा मौका दिए हैं मैं आभार व्यक्त करता हूं। मैं परिचय का मोहताज नहीं हूं सभी विभागों से काम को लाऊंगा । साथ ही चाणक्य आईएएस एकेडमी में आप अपने बच्चों को पढ़ाएं फीस की चिंता ना करें । वहीं मुखिया अनिकेत कुमार नायक ने कहा मैं हर समय सुख दुख में खड़ा हूं । और मेरा प्रयास रहेगा सभी को साथ लेकर चलूंगा । मौके पर उप मुखिया आकांक्षा कुमारी, कैलाश साव, राम चरित कुमार, हरीश चंद्र गुप्ता,बृजेश सिंह, लखन साव, ललन साव, दिलीप नायक, लालदेव साव,सोनू इराकी ,दशरथ साव, चंद्रिका प्रसाद, अनुज कुमार सिंह, दिलीप कुमार दास, बिनोद कुमार, रंजीत तुरी,सुनील महतो,बंगाली ठाकुर,पूर्व मुखिया साधना कुमारी, कुलेश्वरी देवी, चेतलाल रजक, दशरथ महतो, वकील राणा, अमित सिंह, रामेश्वर चौरसिया,हीरालाल साव,रवि कुमार, तारकेश्वर कुमार, कामेश्वर कुमार अमीन,प्रदीप साव, बीजू महतो,एवं सैकड़ों लोग उपस्थित थे ।